JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020
E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2023/01/389–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक:** 26.01.2023

74वें गणतंत्र दिवस पर
जयपुर मेट्रो में ध्वजारोहण।

जयपुर 26 जनवरी। देश का 74वाँ गणतंत्र दिवस जयपुर मेट्रो में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर निदेशक (कम्पनी मामलात्) जयपुर मेट्रो श्री महेश भुराड़िया ने मानसरोवर स्थित मेट्रो डिपो के प्रशासनिक भवन प्रांगण में ध्वजारोहण किया। इस समारोह के दौरान जयपुर मेट्रो के निदेशकगण, मेट्रो पुलिस के अधिकारी व मेट्रो के कर्मचारी उपस्थित रहें।

मुख्य अतिथि श्री महेश भुराड़िया ने अपने भाषण के दौरान समस्त मेट्रो अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी तथा 26 जनवरी का ऐतिहासिक महत्व बताते हुए मेट्रो कर्मियों को अपना महत्व समझते हुए जिम्मेदारी से आगामी परियोजनाओ पर कार्य करते हुए राष्ट्र के निर्माण में अपना पूर्ण योगदान देने हेतु प्रेरित किया।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो